**पश्चिम मध्य रेल**
**West Central Railway**

**महाप्रबंधक कार्यालय**
**जनसम्पर्क विभाग**
**जबलपुर**

# 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन

जबलपुर 14 अगस्त। श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय, महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल के संरक्षण में तथा श्री मनोज कुमार गुप्ता, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवंप्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक के मार्गदर्शन दिनांक 13.08.2025 को श्रुतलेखन प्रतियोगिता एवं 14.08.2025 को आजादी के 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर स्वरचित 'काव्यपाठ' प्रतियागिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में पश्चिम मध्य रेल के विभिन्न विभागों में कार्यरत कुल 60 प्रतिभागी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

हिंदी साहित्यकार एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य रेलवे स्कूल श्री नवीन चतुर्वेदी, उप मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री प्रज्ञेश निंबालकर तथा उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर श्री विवेक कुमार गुप्ता 'काव्यपाठ' प्रतियागिता में निर्णायक मंडल के रूप में शामिल हुए। आमंत्रित अतिथियों ने प्रतिभागियों के उत्साह की प्रशंसा की और प्रतियोगिताओं के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर प्रकाश डाला और अपने विचार साझा किए।

वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी, मुख्यालय, पमरे ने इस दो दिवसीय आयोजन का संचालन किया एवं वरिष्ठ अनुवादक ने आमंत्रित अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/299/2025 दिनांक 14.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर